आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 151 | उज्जैन, गुरुवार 24 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# कुटीर और ग्रामोद्योग उत्पाद ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध हों-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## क्षेत्रीय उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग, औद्योगिकरण की सबसे छोटी इकाई हैं। इसमें ग्राम स्तर तक लोगों को उद्यमिता और उत्पादन से जोड़ा जा सकता है। क्षेत्रवार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उज्जैन, महेश्वर, चंदेरी, भोपाल, ग्वालियर आदि की हस्तशिल्प कला और हथकरघा से निर्मित सामग्री की बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग सुनिश्चित की जाए। कुटीर और ग्राम स्तर पर गतिविधियों का विस्तार करते हुए उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए ग्राम और परिवार स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण, मार्केट लिंकेज और बेहतर प्रस्तुतिकरण के लिए कार्य योजना बनाई जाए। विभाग, स्वयं सामग्री का उत्पादन करने के स्थान पर निजी स्तर पर संचालित गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की नीति अपनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की बैठक कर गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जयसवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत खाद्य सामग्री से संबंधित उत्पादों को भी जोड़ना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन और शहद उत्पदन को सहायक गतिविधि के रूप में लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रदेश में विद्यमान धार्मिक स्थलों के आसपास भगवान के वस्त्र निर्माण, धातु- लकड़ी- मिट्टी की मूर्तियों के

# तीनों सेना प्रमुख के साथ दिल्ली में रक्षा मंत्री की हाईलेवल मीटिंग, सीधा संदेश- पहलगाम हमले का हिसाब होगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की।

सेना प्रमुखों ने दी सुरक्षा स्थिति की जानकारी- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को पहलगाम और पूरे जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया है और आतंकियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान जारी है।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली है CCS की बैठक- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहलगाम हमले को लेकर कैबिनेट सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी भाग लेंगे। यह समिति देश की सुरक्षा से जुड़े फैसले लेने वाली सर्वोच्च समिति है। बता दें, पहलगाम हमला 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी का सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है।

# उम्मीद है मोदी सरकार कार्रवाई करेगी, पहलगाम हमले के बाद बोले ओवैसी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है।

इस हमले में 26 लोगों की जान गई, जिनमें दो विदेशी नागरिक और एक इंटेलिजेंस ब्यूरो अधिकारी भी शामिल थे। ओवैसी ने कहा कि यह हमला उरी और पुलवामा से भी अधिक निंदनीय है क्योंकि इस बार आतंकियों ने आम नागरिकों को निशाना बनाया।

पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने का दिलाया भरोसा- ओवैसी ने अपने बयान में कहा, हम पहलगाम में जो हुआ, उसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम उन सभी परिवारों के साथ खड़े हैं जिनके अपने इस आतंकी हमले में मारे गए। घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ करते हैं।÷ उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इस बर्बर हमले के लिए ज़िम्मेदार आतंकियों को जल्द से जल्द सजा दे।

ओवैसी ने जताया गम और गुस्सा- अपने बयान में ओवैसी ने कहा, यह घटना उरी और पुलवामा हमलों से कहीं ज़्यादा शर्मनाक है।

# पर्दे के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को नहीं छोड़ेंगे पहलगाम अटैक पर बोले रक्षा मंत्री- ऐसा जवाब मिलेगा कि दुनिया देखेगी




नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिक सहित 26 लोगों की जान चली गई। श्रीनगर से लेकर दिल्ली तक, हाईलेवल मीटिंग चल रही है।

इसी बीच राजनाथ सिंह ने आतंकी हमले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, कल पहलगाम में एक धर्म विशेष को निशाना बनाकर आतंकवादियों ने कायराना हरकत की, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा,मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। हम न सिर्फ इस कृत्य के दोषियों तक पहुंचेंगे बल्कि पर्दे के पीछे के किरदारों तक भी पहुंचेंगे। आरोपियों को जल्द ही जोरदार और स्पष्ट जवाब मिलेगा, यह मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं।

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा,भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकवादी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

आतंकी हमले के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, इस हमले के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आगे कहा था कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं।

# दिल्ली-राजस्थान से लेकर यूपी तक हीटवेव की मार, बिहार और झारखंड में बारिश का अनुमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली NCR समेत उत्तर भारत में एक बार फिर से भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। इस बीच मौसम विभाग ने मौसम को लेकर अपडेट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान 39-41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। लेकिन बारिश की संभावना नहीं है।

वहीं मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ समेत मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम इलाकों मे 28 अप्रैल और पूर्वी भारत में 26 अप्रैल 2025 तक हीटवेव का प्रकोप जारी रहेगा।

यूपी में कैसा रहेगा मौसम- उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में आज मौसम में उतार-चढ़ाव दिख सकता है। पूर्वी यूपी के बरेली,बस्ती, शाहजहांपुर और मुरादाबाद जैसे जिलों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही हल्की बूंदाबांदी या बरसात हो सकती है। वहीं पश्चिमी उत्तर यूपी में धूल भरी आंधी चल सकती है। राज्य का अधिकतम तापमान 38-41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22-25 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। राजस्थान में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग ने बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, बूंदी, कोटा, बारां और चित्तौड़गढ़ के लिए लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

# भारतीय विरासत स्थलों पर पर्यटकों की संख्या पांच साल में 19 प्रतिशत बढ़ी



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के लोकप्रिय विरासत स्थलों पर 2023-24 में पर्यटकों की संख्या में कोरोना-पूर्व काल के मुकाबले 19 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। लेकिन टिकट ब्रिकी से अधिक राजस्व हासिल करने में मदद नहीं मिली। राज्यसभा में 143 विरासत स्थलों के संबंध में पेश भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या 2019-20 में लगभग 4.60 करोड़ से 19.35 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 में लगभग 5.49 करोड़ हो गई।

# भारत बेहतर तरीके से जवाब देना जानता है, बदला लेने के लिए इजरायल ने किया खुले समर्थन का एलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले की दुनिया भर में निंदा के बीच भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि ऐसे अपराधी हमेशा दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं। एएनआई से बात करते हुए अजार ने कहा कि भारत जवाबी कार्रवाई करने के लिए और अधिक दृढ़ संकल्पित होगा।

उन्होंने कहा, अपराधी हमें डराने के लिए हमेशा नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं। हमें निश्चित रूप से इस पर ध्यान देना होगा। हमें यह देखना होगा कि वे कैसे सोचते हैं, कैसे काम करते हैं और मुझे यकीन है कि वे ऐसा करना जारी रखेंगे। लेकिन मुझे यह भी यकीन है कि हम और अधिक दृढ़ संकल्पित होंगे और जवाबी कार्रवाई करेंगे।

भारत के समर्थन का एलान- अजार ने कहा, यह पूरी तरह से भारतीय सरकार पर निर्भर है। मुझे यकीन है कि उन्हें पता है कि कैसे काम करना है। हमने देखा है कि सरकार के प्रयासों की बदौलत अतीत में स्थिति कैसे स्थिर हुई है।

उन्होंने कहा कि हम व्यापक आधार पर एक साथ सहयोग करने का प्रयास करते हैं ताकि यह देखा जा सके कि आम तौर पर खतरों से कैसे निपटा जाए, आतंकवाद से लड़ने के साधनों को कैसे बेहतर बनाया जाए, चाहे वह खुफिया जानकारी के लिहाज से हो, तकनीक के लिहाज से हो या फिर कार्यप्रणाली के लिहाज से हो।

सीमा पार की स्थिति पर दिया बयान- उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा, इजरायल किसी भी मामले पर देशों यह नहीं बताएगा कि क्या करना चाहिए। मुझे यकीन है कि भारतीय सरकार और यहां के अधिकारियों के पास सीमा पार क्षेत्र की स्थिति और इस मुद्दे से निपटने के तरीके के बारे में कहीं बेहतर जानकारी है।

उन्होंने कहा, हम सामान्य रूप से कार्यप्रणाली, तकनीक और खुफिया जानकारी के मामले में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं और यह बहुत महत्वपूर्ण कार्य है जिसे हम जारी रखेंगे।

# इजरायल के गाजा में ताबड़तोड़ हमले, 14 लोगों की मौत; पानी के टैंकर और बुलडोजर किए नष्ट





नई दिल्ली (एजेंसी)। गाजा में मंगलवार को इजरायल के हमले में 14 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। इसी के साथ इजरायली सेना ने इजरायल की हमास के खिलाफ 18 महीने की कार्रवाई में गाजा के ज्यादातर भवन मलबा हटाने के लिए अन्य देशों द्वारा गाजा में भेजे गए बुलडोजरों और अन्य भारी उपकरणों को भी नष्ट कर दिया।

भवनों का मलबा हटाने वाले उपकरण ध्वस्त- ये उपकरण गाजा में इजरायली बमबारी से ध्वस्त हुए भवनों का मलबा हटाने के लिए भेजे गए थे। ये उपकरण अरब देशों ने गाजा के प्रशासन को भेजे थे। बर्बाद हो गए हैं। वे ऐसे नहीं रह गए हैं कि उन्हें मरम्मत से ठीक किया जा सके।

इन भवनों के मलबे के नीचे बड़ी संख्या में शवों के दबे होने की भी आशंका है। लगातार हो रहे हमलों के चलते गाजा में मलबा हटाने का कार्य नहीं हो सका है। गाजा में पहले से मौजूद बुलडोजर और अन्य उपकरणों के अतिरिक्त सहानुभूति रखने वाले देशों ने युद्धविराम के दौरान उपकरण भेजे थे।

मिस्त्र और कतर ने नौ बुलडोजर भेजे थे- गाजा और इजरायल के बीच मध्यस्थता कर रहे मिस्त्र और कतर ने नौ बुलडोजर भेजे थे। जबालिया में ये बुलडोजर जहां रखे थे वह गैराज इजरायली बमबारी में नष्ट हो गया है। इजरायली हमलों में पानी के टैंकर और जेनरेटर भी नष्ट होने की सूचना है। इन हमलों पर इजरायली सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

बेरूत पर हमले में सुन्नी संगठन का कमांडर मारा- इजरायल ने मंगलवार को लेबनान की राजधानी बेरूत पर फिर हवाई हमला किया। इजरायल ने इस बार सुन्नी मुसलमानों के सशस्त्र संगठन जामा इस्लामिया को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने बताया है कि हमले में इस्लामिक संगठन का शीर्ष कमांडर हुसैन अतावी मारा गया है। अतावी इजरायल में आतंकी हमले की योजना बनाने और उनके लिए सहयोग देने का काम करता था।

# भारत में हुए आतंकी हमले से..., पहलगाम अटैक पर आया पाकिस्तान का पहला रिएक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अब तक 27 लोगों के मौत की खबर है। पूरे देश में दहशत का माहौल है। ऐसे में सवाल ये उठ रहा है ये हमला आखिर करवाया किसने है। अब पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का रिएक्शन सामने आया है।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारा इससे (हमले) से कोई लेना-देना नहीं है। हम हर तरह के आतंकवाद को खारिज करते हैं।

भारत पर लगाया आरोप- ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तानी टीवी न्यूज चैनल को बयान देते हुए उल्टा भारत पर ही आरोप लगा दिया, उन्होंने कहा- इस हमले के पीछे भारत के लोग ही शामिल है। उन्होंने आगे कहा-भारत में नागालैंड से लेकर मणिपुर और कश्मीर में लोग सरकार के खिलाफ हैं।

ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा-भारत सरकार लोगों के हक को मार रही है। उनका शोषण कर रही है। इसलिए लोग उनके खिलाफ खड़े हो रहे हैं।

अल्पसंख्यकों को परेशान कर रही भारत सरकार- पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने हमले के सिलसिले में विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा है, पहलगाम में हुई इस तरह की घटना से हमारा कोई लेना देना नहीं है। मैं ऐसे हमलों की निंदा करता हूं। खासकर नागरिकों पर ऐसे हमले नहीं होने चाहिए।

रक्षा मंत्री ख्वाजा ने आगे कहा- भारत की मौजूदा सरकार वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों को परेशान कर रही है। इसमें बौद्ध, ईसाई और मुसलमान शामिल है। लोगों का कत्लेआम किया जा रहा है। इसके खिलाफ लोग आवाज उठा रहे हैं।

पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने दिया था भड़काऊ भाषण

वहीं इस आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर का एक बयान चर्चा में आ गया है, उन्होंने लगभग हफ्ते भर पहले कश्मीर को अपने देश की जीवन रेखा बताया था।

आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए 16 अप्रैल को कहा था, यह हमारी नस थी है और रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को भारत के कब्जे के खिलाफ उनकी इस लड़ाई में अकेला नहीं छोड़ेंगे।

## कौन हैं सऊदी अरब के स्लीपिंग प्रिंस? कोमा में रहते हुए मनाया 36वां जन्मदिन



नई दिल्ली (एजेंसी)। सऊदी अरब के प्रिंस अल-वलीद बिन खालिद बिन तलाल, जिन्हें अक्सर स्लीपिंग प्रिंस कहा जाता है, उन्होंने पिछले हफ्ते अपना 36वां जन्मदिन मनाया। लेकिन यह जन्मदिन भी उनकी लगभग दो दशक लंबी बेहोशी की हालत में ही बीता। 2005 में लंदन में एक कार दुर्घटना में गंभीर ब्रेन इंजरी के बाद वे कोमा में चले गए थे और तब से अब तक इसी अवस्था में हैं।

जीवन रक्षक प्रणाली पर निर्भर हैं प्रिंस- प्रिंस अल-वलीद पिछले लगभग 19 सालों से वेंटिलेटर और फ़ीडिंग ट्यूब की मदद से जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। उन्हें रियाद के किंग अब्दुलअज़ीज़ मेडिकल सिटी में एक समर्पित मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी स्थिति में इन वर्षों में बहुत कम बदलाव आया है।

2019 में दिखे थे हल्के संकेत- 2019 में एक समय ऐसा आया था जब उनकी उंगलियों में थोड़ी हरकत देखी गई थी और उनका सिर भी हल्का सा हिला था। यह खबर उन लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनी, जो अब भी उनके ठीक होने की दुआ करते हैं। लेकिन उसके बाद कोई ठोस सुधार दर्ज नहीं हुआ है।

## बीजिंग में आग लगने के बाद ढहा पुल, आसमान में छाया धुएं का गुबार; दूर तक दिखी लपटें



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीजिंग के उत्तरपूर्वी शून्यी जिले से आग लगने की खबर सामने आई है, इस वजह से एक पुल ढह गया है। सोशल मीडिया पर इससे संबंधित फोटोज सामने आई हैं। बीजिंग नगर परिवहन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर लिखकर इस हादसे की जानकारी दी है।

आयोग ने कहा-पुल में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, इस पुल को पहले ही यातायात के लिए बंद कर दिया गया था।

पुल के किनारे से निकला धुएं का गुबार- आयोग ने कहा कि सुबह आग लगने के बाद चाओबाई नदी का पुल क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में आग बुझा दी गई। अधिकारी इसके कारणों की जांच कर रहे हैं। पुल पर दोनों तरफ से पहुंच बंद कर दी गई और यातायात का मार्ग बदल दिया गया।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में पुल के किनारों से धुएं का गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस की गाड़ियां पुल तक पहुंच को रोकती नजर आईं और पास में दमकल गाड़ियां खड़ी थीं।

# भारत की जवाबी कार्रवाई के खौफ में पाकिस्तान, अधिकारियों की उड़ी नींद; अलर्ट पर एयरफोर्स



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में लोगों में आतंकवाद को लेकर गुस्सा है। पहलगाम में आतंकियों ने बर्बरता से 26 लोगों की हत्या कर दी। गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर पहुंच चुके हैं। इस बीच पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी एक प्रतक्रिया आई है।

पाकिस्तान का आया रिएक्शन- भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त के रूप में काम करने अब्दुल बासित ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मुझे यकीन है कि इस्लामाबाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी भारतीय गलतफहमी को विफल करने के लिए सभी संभावित उपाय कर रहा है। मुझे कोई संदेह नहीं है कि इस बार पाकिस्तान की प्रतिक्रिया बहुत कठिन होगी।

बता दें, पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को अपना निशाना बनाया है और 26 लोगों की हत्या कर दी। देश के अलग-अलग हिस्सों से कश्मीर घूमने पहुंचे सैलानियों को निशाना बनाकर आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया। इस हमले के बाद लोग सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

रात भर अलर्ट पर पाक वायु सेना- पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को डर सताने लगा है और भारत की कार्रवाई के खौफ में पाकिस्तानी वायुसेना रात भर अलर्ट मोड पर रही। फ्लाइट रडार डेटा में दर्ज पाकिस्तानी वायुसेना की असामान्य गतिविधियों से इसका पता चलता है।

सोशल मीडियो प्लेटफॉर्म एक्स पर फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 स्क्रीनशॉट सामने आए हैं। स्क्रीनशॉट में पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख विमानों को कराची स्थित दक्षिणी वायु कमांड से लाहौर और रावलपिंडी के पास उत्तर में स्थित ठिकानों की ओर जाते देखा गया।

# इस्तांबुल में महसूस किए गए भूकंप के झटके, जानिए रिक्टर स्केल पर कितनी रही तीव्रता?



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस्तांबुल में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इस्तांबुल में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया है। तुर्की की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। भूकंप का केंद्र इस्तांबुल के पास मरमारा सागर में था। किसी तरह के नुकसान या चोट की फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

वहीं इससे पहले दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई इलाकों में शनिवार को दोपहर में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेशनल सेंटर फार सीस्मोलाजी (एनसीएस) के अनुसार यह भूकंप दोपहर 12ञ्18 बजे आया।

रिक्टर स्केल पर 5.8 रही तीव्रता- इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में सतह से 130 किलोमीटर की गहराई पर था और रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 थी। एनसीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान और इसके आसपास के क्षेत्रों में जब भी भूकंप आता है तो दिल्ली में इसके झटके महसूस किए जाते हैं।

वहीं इससे पहले 28 मार्च को म्यांमार में विनाशकारी भूकंप आया था, इसकी तीव्रता 7.7 थी। इस भूकंप में कई लोगों की जान गई और बहुत नुकसान हुआ था।

भूकंप के बाद के झटकों से सावधान व सचेत रहना जरूरी।

खिड़कियों, ऊंचे भवनों व अन्य ढांचों से दूरी बनाकर रखें।

# आतंकी हमले को लेकर हम..., पहलगाम अटैक पर पाकिस्तान के बाद चीन का भी आया रिएक्शन; क्या बोला ड्रैगन



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के बाद अब चीन की प्रतिक्रिया सामने आई है। नई दिल्ली में चीन के राजदूत शू फेइहांग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में इस बर्बर आतंकी हमले की निंदा की है। चीन ने कहा-पहलगाम में हुए आंतकी हमले से वो स्तब्ध है, हम सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ है।

चीन के राजदूत फेइहांग ने एक्स पर लिखा, पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना और घायलों तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति। सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हैं।

पाकिस्तान का भी आया बयान

चीनी राजदूत के बयान के साथ ही पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी घटना पर अपना रिएक्शन दिया है।पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पहलगाम हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम भारत के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुए हमले में पर्यटकों के मारे जाने को लेकर चिंतित हैं। हम मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति अपना दुख प्रकट करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था, हमारा इससे (हमले) से कोई लेना-देना नहीं है। हम हर तरह के आतंकवाद को खारिज करते हैं। साथ ही उन्होंने उल्टा इस हमले के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था।

# आतंकवादी हमले के बाद अहम बैठक की, CCS की मीटिंग के बाद बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास में छ्ष्ट्स की बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

बैठक खत्म होने का बाद पीएम मोदी ने कहा कि आंतकवादी हमले के बाद अहम बैठक की।



मीटिंग में अमित शाह पहलगाम हमले की जानकारी शेयर कर रहे हैं। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भी कई सवाल पूछे, जिसका जवाब अमित शाह ने दिया। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बैठक में सरकार कुछ बड़े फैसले ले सकती है। रक्षा मंत्री ने तीन सेनाओं के प्रमुख से की बात

आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (छ्ष्ठस), तीनों सेनाओं के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की।

## श्रीनगर के लिए विमानों का किराया न बढ़े, केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को दिए निर्देश



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नागर विमानन मंत्रालय ने सभी एयरलाइनों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि श्रीनगर रूट पर विमानों के किराए में किसी भी तरह की बढ़ोत्तरी नहीं होनी चाहिए।

एयर इंडिया और इंडिगो चलाएंगी अतिरिक्त फ्लाइट्स- एयर इंडिया और इंडिगो ने कहा है कि बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए अतिरिक्त फ्लाइट्स चलाई जाएगी। साथ ही टिकट रद करने और यात्रा की तारीख बदलने पर भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

नागर विमानन मंत्री ने एयरलाइनों के साथ की आपात बैठक- नागर विमानन मंत्री के.राममोहन नायडू ने सभी एयरलाइन कंपनियों के साथ आपात बैठक की और श्रीनगर रूट पर अचानक किराया बढ़ाने के खिलाफ कड़े एडवायजरी जारी किए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी एयरलाइंस आम किराया स्तर बनाए रखें।

केंद्रीय मंत्री ने एयरलाइनों को निर्देश दिए हैं कि वे मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके गृह राज्य तक पहुंचाने में राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर पूरा सहयगो करें।

## बेल्जियम में मेहुल चोकसी को झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका



नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब नेशनल बैंक को लगभग 13,500 करोड़ रुपये का चूना लगाकर वर्ष 2018 से भारत से फरार हुआ घोटालेबाज मेहुल चोकसी की जमानत याचिका बेल्जियम की एक अदालत ने खारिज कर दी है।

चोकसी के वकील ने की थी मुलाकात- तीन जजों की पीठ ने सुनवाई के बाद जमानत न देने का फैसला सुनाया। इससे पहले चोकसी के भारतीय वकील विजय अग्रवाल ने जमानत की सुनवाई से पहले एंटवर्प में जेल में चोकसी से मुलाकात की।

भारतीय अधिकारियों के अनुरोध पर चोकसी को पिछले सप्ताह बेल्जियम की पुलिस ने एंटवर्प में गिरफ्तार किया था। चोकसी बेल्जियम के एक अस्पताल में इलाज करा रहा था, जहां उसकी गिरफ्तारी हुई।

भारत चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए प्रयास कर रहा है - विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए प्रयास कर रहा है। जायसवाल ने कहा, हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। हम उसके भारत प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि वह देश में मुकदमे का सामना कर सके।

## लश्कर का मुखौटा और ISI की ढाल... कौन है आतंकी संगठन TRF, कहां छिपा है इसका सरगना?




नई दिल्ली (एजेंसी)। कश्मीर के पहलगाम से करीब 6 किलोमीटर दूर बैसरन की घाटी मंगलवार दोपहर लहूलहान हो गई। करीब 6 पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली।

सभी आतंकी लोकल पुलिस की वर्दी में, मास्क लगाए घाटी में दाखिल हुए थे। इनका निशाना सिर्फ पुरुष थे, खासकर हिंदू। आतंकियों ने लोगों को कलमा पढ़ने पर मजबूर किया, और जो नहीं पढ़ पाए, उन्हें गोली मार दी। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन द रेजिस्टेंसवफ्रंट ने ली है, जो पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी है।

TRF का सरगना शेख सज्जाद गुल पाकिस्तान में बैठकर संगठन को ऑपरेट करता है। इसकी शुरुआत 2019 के पुलवामा हमले के आसपास हुई। अनुच्छेद 370 हटने के बाद TRF ने घाटी में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी। इस संगठन से जुड़े लोग कश्मीर में ड्रग्स, हथियारों की तस्करी भी करते हैं।

वहीं, पाकिस्तान में बैठे इस आतंकी संगठन का सरगना, कश्मीर के युवाओं को अपने नाकाम मंसूबों को अंजाम देने के लिए उकसाता है।

शेख सज्जाद गुल को 1967 के गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया गया था। यह अधिनियम सरकार को अदालत में जाए बिना किसी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने की अनुमति देता है।

TRF को फंडिंग करती है पाकिस्तान सरकार- टीआरएफ ने जम्मू-कश्मीर में नागरिकों, सुरक्षा बलों के सदस्यों और राजनीतिक नेताओं के खिलाफ कई हमले किए हैं। ऐसा माना जाता है कि इस आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान सरकार, खास तौर पर आईएसआई (इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस) द्वारा पोषित किया जाता है।

क्यों पाक सेना से जुड़ रहा आतंकी हमले का कनेक्शन- दुनिया जानती है कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। लेकिन इसकी अगुवाई कौन कर रहा है? पाकिस्तान आर्मी के जनरल आसीम मुनीर।

कुछ दिन पहले उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला था। उनके शब्द थे, हम हर एंगल में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म, हमारी सोच, सब अलग है। कश्मीर को कोई ताकत पाकिस्तान से अलग नहीं कर सकती।

## देश में मुस्लिमों के प्रति बढ़ रहा भेदभाव, पहलगाम आतंकी हमले पर ये क्या बोल गए रॉबर्ट वाड्रा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश में हिन्दू-मुस्लिम हो रहा है और मुसलमान असहज महसूस कर रहे हैं। यही कारण है कि आतंकियों ने आईडी देखकर हत्याएं की हैं।

रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। किसी भी मुद्दे को उठाने का यह तरीका नहीं हो सकता कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया जाए।


धर्म और राजनीति को रखना चाहिए अलग - वाड्रा ने कहा कि धर्म और सियासत को अलग-अलग रखना चाहिए। उन्होंने कहा, आतंकियों ने आईडी देखकर लोगों की जान ली, क्योंकि उन्हें लगता था मुसलमानों के साथ भेदभाव हो रहा है। यह तरीका बिल्कुल गलत है। मैं इसका पूरी तरह से विरोध करता हूं।

रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि जब तक हम एकजुट और धर्मनिरपेक्ष नहीं होंगे, तब तक हमारी कमजोरियां और अंदरूनी समस्याएं हमारे दुश्मनों को साफ नजर आएगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मकसद देश को तोड़ना है और इससे लड़ने के लिए समाज का एकजुट होना जरूरी है।

रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, कोई भी संगठन अपने मुद्दे निर्दोषों की हत्या करके नहीं उठा सकता है। आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता है, यह सीधा इंसानियत पर हमला है। साथ ही उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि देश में अल्पसंख्यकों के प्रति भेदभाव बढ़ रहा है और यह हालात देश को अंदर से कमजोर कर सकते हैं।

अल्पसंख्यकों की स्थिति और बेरोजगारी पर जताई चिंता- वाड्रा ने कहा, अल्पसंख्यकों को दरकिनार किया जा रहा है और यहां तक की उन्हें अपने घरों की छत पर नमाज पढ़ने की भी इजाजत नहीं मिलती है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद घाटी में पर्यटकों की संख्या में गिरावट आएगी, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका पर असर पड़ेगा।

## इंटरनेशनल कोर्ट में चलेगा पहलगाम के आतंकियों पर केस? सिब्बल ने कर दी अमित शाह से ये बड़ी मांग



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा और आक्रोश है। इस हमले पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मासूम लोगों को मारा गया।

कपिल सिब्बल ने कहा, इस घटना के जिम्मेदार लोगों पर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में मुकदमा चलना चाहिए। मैं गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह करता हूं कि वे पाकिस्तान को आतंकी देश घोषित करें और अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में जाएं। मुझे यकीन है कि विपक्ष इस पर साथ देगा।

क्या था मुनीर का बयान- पाकिस्तान के सेन प्रमुख असीम मुनीर की गले की नस वाली टिप्पणी का हवाला देते हुए कपिल सिब्बल ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमला बताया। असीम मुनीर ने कुछ दिनों पहले बयान दिया था, यह हमारी गले की नस होगी, हम इसे नहीं भूलेंगे और हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके ऐतिहासिक संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे।

मुनीर के इसी बयान का हवाला देते हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि यह हमला राज्य प्रायोजित है। उन्होंने कहा, अभी एक सप्ताह पहले ही ऐसा कहा गया था। यह एक बहुत सोची-समझी और सुनियोजित आतंकवादी हमला है। क्योंकि घाटी पहलगाम से सिर्फ आधे घंटे की दूरी पर है और यह एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है क्योंकि वहां अमरनाथ तीर्थस्थल है।

सिब्बल ने हमले में बताया पाकिस्तान का हाथ- सिब्बल ने कहा, जिन लोगों ने हमला किया वो जानते थे कि आप टट्टुओं के अलावा घाटी तक नहीं पहुंच सकते हैं। यह आरोप लगाया गया कि वे किश्तवाड़ से कोकरनाग होते हुए आए और फिर यहां आए। लेकिन निश्चित रूप से यह पाकिस्तान को इससे जोड़ता है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण
सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण एकादशी


## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर हर देश के लिए आतंकवाद एक नासूर बन गया है...



वैश्विक स्तरपर हर देश के लिए आतंकवाद एक नासूर बन गया है, जिसका दंश अनेक बार अनेकों देश झेल चुके हैं और झेल भी रहे हैं, जिसका अधिक भुक्तभोगी भारत भी रहा है। आज हम फिर आतंकवाद पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 22 अप्रैल 2024 को शाम अनंतनाग जिले के पहलगाम की घाटियों में, जहां एक घासभरा मैदान है, वहां कुछ दूर पैदल जाकर ही पहुंचा जा सकता है,जहां रेस्टोरेंट वगैरा भी है अचानक कुछ आतंकवादियों का एक गुट आया और टूरिस्ट से उनका नाम जाति पूछ पूछ कर अंधाधुंध गोलियां दागी जिसमें निर्दोष लोग करीब 27 से अधिक टूरिस्टों की मौत होने व अनेकों घायल होने की जानकारी 22 अप्रैल शाम से डिजिटल तथा इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर लगातार चल रही है जो 23 अप्रैल 2025 तक अर्ली मॉर्निंग तक मैं खुद करीब 18 घंटों तक इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल संसाधनों से जुड़ा रहा। सभी चैनलों पर डिबेट, एक्सपर्ट की राय, व एनालिसिस को सुनकर, मैंने उसका विश्लेषण कर यह आर्टिकल तैयार किया हूं। बता दें पूरे विश्व में इस घटना को सीरियस एंगल से लिया गया है तथा तीव्र निषेध किया हैं।जहां एकओर हमारे गृहमंत्री तुरंत घटनास्थलपर रवाना होकर कश्मीर में एक हाई लेवल मीटिंग रात करीब 12-1 बजे तक लिए, जिसमें हमारे पीएम भी ऑनलाइन उपस्थित थे और फिर गृह मंत्री पहलगाम के लिए रवाना हुए, तो वही हमारे माननीय पीएम जो सऊदी अरब की यात्रा पर थे, यह घटना सुनकर आमंत्रित रात्रि भोज में भी ना जाकर, सऊदी अरब दौरा बीच में छोड़कर व रात्रि कश्मीर में हुई,हाई प्रोफाइल मीटिंग में भी ऑनलाइन जुड़े रहे तथा अर्ली मॉर्निंग वापस आकर बुधवार दिनांक 23 अप्रैल 2025 को सुबह केबिनेट कमिटी ओंन सिक्योरिटी (सीसीएस) में भी मौजूद रहे व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी वार्तालाप करने की जानकारी आई है। बता दें इस घटना की निंदा अमेरिका रूस इसराइल सऊदी अरब यूक्रेन ब्राज़ील सहित अनेक देशों ने ट्वीट करके की है, तथा मुश्किल की घड़ी में भारत के साथ होने की बात कही है।भारतीय पीएम दौरे पर सऊदी अरब हुए हैं। भारत में चार दिवसीय दौरे पर मौजूद अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने भी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि नक्सलवाद मावोवाद को जिस तरह समाप्त करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 तक की गई है, अब इस तरह कश्मीर घाटी में आतंकवाद समाप्त करने की भी डेड लाइन घोषित करने की जरूरत है ताकि एक रणनीति के अनुसार आतंकवादियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करना या फिर उन्हें कड़ी सजाका सामना करना पड़े।यानें आरोप लगने पर या पकड़े जाने पर उनकी सुनवाई, अन्य राज्यों में न्यायालयों मैं की जानी चाहिए तथा इसके पीछे स्लीपिंग आतंकी चेहरे या गुट उजगार करना आर्थिक, कमर तोड़ना,पोषण कराने वाले पड़ोसीमुल्क पर आर्थिक सामाजिक, नैतिक, अंतरराष्ट्रीय व जरूरत पड़ने पर हथियारों करना समय की मांग है, ताकि यह संदेश जाए कि अब भारत पहले वाली स्थिति में नहीं रहा, जब कि अब ईट का जवाब पत्थर से व तिल का जवाब पहाड़ से देने की स्थिति रखता है। कुल मिलाकर मुझे ऐसा महसूस होता है कि आतंकवाद की उल्टी गिनती शुरू होने की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि अब अति सख्त रणनीति बनाई जा सकती है। उधर आतंकवादी नरसंहार के विरोध में कश्मीर के बार काउंसिल, डोडा काउंसिल डोडा शिक्षा विभाग, अनेक लोकल संगठनों व संस्थाओं ने 23 अप्रैल 2025 को बंद का आह्वान किया है,क्योंकि नागरिक बहुत रोष

# सत्य साईं बाबा



सत्य साईं बाबा भारत के बेहद प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे। आज दुनिया जिन्हें सत्य साई बाबा के नाम से जानती है, उनके बचपन का नाम आर. सत्यनारायण राजू था। सत्यनारायण राजू साईं बाबा के बहुत ही बड़े भक्त थे। उनके गाँव में ही 23 नवम्बर, 1950 को साईं धाम की स्थापना की गई थी। सत्य साईं बाबा ने आध्यात्म की शिक्षा ग्रहण की और यह संदेश दिया की सभी से प्रेम करो, सब की सहायता करो और किसी का भी बुरा मत करो।

### जन्म तथा बाल्यकाल

सत्य साईं का जन्म भारत में आन्ध्र प्रदेश के छोटे-से गाँव गोवर्धन पल्ली में 23 नवंबर, 1926 को हुआ था। इसी जगह को आज पुट्टापर्थी के रूप में जाना जाता है। वे बचपन से ही बड़े बुद्धिमान और दयालु स्वभाव के थे, तथा प्रमाणित और आर्दश गुणवत्ता के कारण अपने गाँव के अन्य बच्चों से भिन्न थे। संगीत, नृत्य, गाना, लिखना इन सबमें काफ़ी अच्छे थे। ऐसा कहा जाता है कि वे बचपन में ही चमत्कार दिखाने लग गए थे, हवा से मिठाई और खाने-पीने की दूसरी चीज़ें पैदा कर देते थे। ऐसा माना जाता है कि जब वह मात्र 14 वर्ष के थे, तब उन्हें बिच्छू ने काट लिया। उसके बाद उनका व्यवहार ही बदल गया। वह हंसते-हंसते अचानक रोने लगते। कभी-कभी संस्कृत के श्लोक बोलने लगते। 23 मई, 1940 को उन्होंने अपने आप को शिरडी के साईं बाबा का अवतार घोषित कर दिया। वास्तव में जब सत्य साईं बाबा का जन्म हुआ, उसके 8 वर्ष पहले ही शिरडी के साईं बाबा का देहांत हो चुका था।

### अध्यात्म की शिक्षा

यह माना जाता है कि जब सत्य साईं 29 अक्टूबर, 1940 को 14 साल के हुए, उसी समय उन्होंने अपने गाँव के लोगों और परिवार के समक्ष यह बताया कि वह साईं बाबा को जान सके और साईं अध्यात्म का प्रचार प्रसार कर सके। इसके लिए उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की, जिससे की वह मानव जीवन में अध्यात्म शांति और प्रेम का प्रचार प्रसार कर सकें। उन्होंने 1947 में अपने भाई को पत्र लिखा और पत्र में कहा कि मेरे पास कार्य है कि सभी मानव जाति में शांति, सुख और प्रेम की धारा बहा दूँ। वह साईं के बहुत बड़े भक्त थे और उनके गाँव में ही 23 नवम्बर 1950 को साईं धाम की स्थापना की गई थी। सत्य साईं बाबा ने आध्यात्म की शिक्षा ग्रहण की और उन्होंने यह संदेश दिया की सभी से प्रेम करो, सब की सहायता करो और किसी का भी बुरा मत करो। उन्होंने साईं के प्रचार प्रसार के लिए कई वाल्यूम प्रकाशित भी किए। बाबा ने भारत को गुरुओं का देश कहा है। बाबा अपने भक्तों को संस्कृति, सभ्यता का उपदेश देते रहे। बाबा आयुर्वेद की सहायता से रोगियों का इलाज भी करते थे। बाबा की आय का साधन उनके द्वारा बनाए गई संस्थाएँ हैं।

### साईं बाबा का अवतार

23 मई, 1940 को उनकी दिव्यता का लोगों को अहसास हुआ। सत्य साईं ने घर के सभी लोगों को बुलाया और चमत्कार दिखाने लगे। उन्होंने अपने आप को शिरडी साईं बाबा का अवतार घोषित कर दिया। शिरडी साईं बाबा, सत्य साईं की पैदाइश से 8 साल पहले ही गुज़र चुके थे। खुद को शिरडी साईं बाबा का अवतार घोषित करने के बाद सत्य साईं बाबा के पास श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। सत्य साईं बाबा अपने शिष्यों को यही समझाते रहे कि उन्हें अपना धर्म और अपना ईष्ट छोड़ने की ज़रूरत नहीं। उन्होंने मद्रास और दक्षिण भारत के अन्य हिस्सों की यात्रा की। इससे उनके भक्तों की तादाद बढ़ती गई। हर गुरुवार को उनके घर पर भजन-कीर्तन होने लगा था, जो बाद में रोज़ाना हो गया।

### सत्य साईं का मंदिर

वर्ष 1944 में सत्य साईं के एक भक्त ने उनके गाँव के नजदीक उनके लिए एक मंदिर बनवाया, जो आज पुराने मंदिर के नाम से जाना जाता है। उनके मौजूदा आश्रम प्रशांति निलयम का निर्माण कार्य 1948 में शुरू हुआ था और 1950 में ये बनकर तैयार हुआ। 1957 में साईं बाबा उत्तर भारत के दौरे पर गये। 1963 में उन्हें कई बार दिल का दौरा पड़ा था, उससे वह उबर गए थे। ठीक होने पर उन्होंने ऐलान किया कि वे कर्नाटक प्रदेश में प्रेम साईं बाबा के रूप में पुन~ अवतरित होंगे।

### विदेश यात्रा

29 जून, 1968 को उन्होंने अपनी पहली और एकमात्र विदेश यात्रा की। वे युगांडा गए, जहाँ नैरोबी में उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहाँ आपके दिल में प्यार और सद्भाव का दीप जलाने आया हूँ, मैं किसी धर्म के लिए नहीं आया, किसी को भक्त बनाने नहीं आया, मैं तो प्यार का संदेश फैलाने आया हूँ।

### मानवता की सेवा

सत्य साईं बाबा का पूरा जीवन मानवता की सेवा को समर्पित रहा। उनके सत्य साईं ट्रस्ट ने विभिन्न देशों में धर्मार्थ-निस्वार्थ भावना से इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अस्पताल खोले, जिनके द्वार ज़रूरतमंदों के लिए हमेशा ही खुले रहते थे। सत्य साईं बाबा की प्रेरणा से ही स्थापित सत्य साईं सेंट्रल ट्रस्ट के पास आज 40 हज़ार करोड़ रुपए की चल-अचल सपत्ति है। कुछ लोगों का मानना है कि यह संपत्ति 1.50 लाख करोड़ रुपए है।

साई बाबा द्वारा जो अनेक सस्थाएँ स्थापित की गई है, उनकी देखभाल सत्य साई काट्रेक्टर ट्रस्ट द्वारा की जाती है। इस ट्रस्ट के माध्यम से पूरे विश्व के 186 देशों में क़रीब 1200 सस्थाएँ चल रही हैं। इन सस्थाओं में डिग्री कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, स्कूल, महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाली सस्थाएँ और प्रकाशन सस्थान शामिल है। इन सस्थाओं की तरफ़ से पुट्टपर्थी और बेंगळूरू में कई अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्रों का भी निर्माण किया गया है। अनेक शहरों में पानी की योजनाओं का सचालन भी यही सस्था कर रही है। बाबा जहाँ रहते थे, वहाँ सत्य साई यूनिवर्सिटी कांप्लेक्स, प्लेनेटोरियम, इडोर-आउटडोर स्टेडियम, एक अस्पताल, सगीत विद्यालय और एयरपोर्ट है।

वर्ष 2010 में सत्य साई यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल पहुंची थीं। तमिलनाडु के मुख्यमत्री करुणानिधि को लोग नास्तिक के रूप में जानते है, पर वह भी बाबा के भक्त हैं। बाबा के बारे में वह कहते हैं कि जो मनुष्यों की सेवा करते हैं, मेरे लिए वे ही भगवान हैं। बाबा के भक्तों में अटल बिहारी वाजपेयी, विलासराव देशमुख, सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण, रजनीकांत, सुनील गावस्कर, क्लाइव लायड जैसी हस्तियाँ हैं। ये सभी समय-समय पर बाबा से भेंट करते रहते थे।

### निधन

86 वर्षीय साईं बाबा को हृदय और सांस संबंधी तकलीफों के बाद 28 मार्च, 2011 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। हालत नाजुक होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। लो ब्लड प्रेशर और यकृत बेकार होने से उनकी हालत और चिंताजनक हो गई थी। उनके शरीर के लगभग सभी अंगों पर दवाइयाँ बेअसर साबित होने लगी थीं। 24 अप्रैल, 2011 की सुबह 7~40 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

# सोना खरीदने का है प्लान? जानें 999 और 995 गोल्ड में क्या है अंतर; ज्यादा बेहतर क्या है



नई दिल्ली (एजेंसी)। आमतौर पर गोल्ड की तुलना तीन कैटेगरी 18,22 और 24 कैरेट में की जाती है। इनमें 24 कैरेट सोना सबसे शुद्ध माना जाता है। वहीं 18 और 22 कैरेट सोने में अन्य धातुओं का मिश्रण जाता होता है। इसलिए इसे 24 कैरेट के मुकाबले अशुद्ध माना जाता है।

अगर आप अक्षय तृतीया पर गोल्ड खरीदने का प्लान कर रहे हैं। तो इसे खरीदने से पहले सभी विशेष जानकारी लेना जरूरी है। ताकि आपको कोई नुकसान ना हो। आज हम खास तौर पर सोने की क्वालिटी के बारे बात करने वाले हैं।

सोना खरीदते समय आपने ये जरूर ध्यान दिया होगा कि उसमे 999 या 995 लिखा रहता है। लेकिन इनमें से क्या ज्यादा बेहतर है? ये दोनो अंक 24 कैरेट वाले सोने पर लिखे रहते हैं। चलिए इन दोनों के बीच का अंतर समझते हैं।

999 और 995 का क्या होता है मतलब - 24 कैरेट सोना सबसे शुद्ध माना जाता है। क्योंकि इसमें अन्य धातुओं की मिलावट सबसे कम होती है। अगर किसी गोल्ड आइटम पर 999 लिखा है, तो इसका अर्थ है कि इसमें 99.9 फीसदी सोना है, वहीं बाकी 00.1 फीसदी अन्य धातुओं का मिश्रण मिला हुआ है।

इसके अलावा अगर किसी गोल्ड की धातु पर 995 लिखा है। तो इसका मतलब होता है कि सोने का मिश्रण 99.5 फीसदी मिला हुआ है। बाकी अन्य धातुओं की मिलावट है।

अगर इन दोनों में से देखा जाए तो 999 वाला सोना ज्यादा शुद्ध है, क्योंकि इसमें 99.9 फीसदी सोना मिला हुआ है।

गहने के लिए कौन-सा है बेहतर- सोने के आभूषण या गहने के लिए 22 कैरेट सही माना जाता है क्योंकि इसमें मौजूद अन्य धातुओं का मिश्रण इसे और मजबूत बना देता है। वहीं 24 कैरेट का सोने में लचीलापन ज्यादा होता है, जिससे टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए गहने या आभूषण बनाने के लिए 22 कैरेट को ही ठीक माना जाता है।

वहीं आप 24 कैरेट के 999 कैटेगरी में सोने के सिक्के खरीद सकते हैं। इससे आपको शुद्ध सोना भी मिल जाएगा। वहीं ये हर एक दुकान में उपलब्ध होता है। एमसीएक्स में अभी दोपहर 3.35 बजे 24 कैरेट सोने का भाव 96,500 रुपये हैं। कल सोने का दाम 1 लाख पहुंच गया था। लेकिन फिर सोने के दाम में गिरावट दर्ज हुई है।

## क्या पहली बार कर रहे हैं आईटीआर फाइल? इन बातों का रखें खासतौर पर ध्यान




नई दिल्ली (एजेंसी)। टैक्सपेयर्स के पास आईटीआर फाइल करने के लिए दो विकल्प उपलब्ध है। इनमें ओल्ड टैक्स रिजीम और नई टैक्स रिजीम उपलब्ध है। अब बहुत जल्द ही कंपनी की तरफ से कर्मचारियों को इनकम टैक्स फाइल करने के लिए फॉर्म-16 दिया जाएगा।

अगर आप भी पहली बार आईटीआर फाइल करने जा रहे हैं, तो कुछ बातों का खास ध्यान रखें। ताकि आपको भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी ना हो। आईटीआर फाइल करने से पहले और उसके बाद कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

इन बातों का रखें खास ध्यान- आईटीआर फाइल करते वक्त आपको सैलरी और खर्चों से जुड़े डॉक्यूमेंट की जरूरत पड़ सकती है। इनमें सैलरी स्लीप, फॉर्म-16, किराये का बिल, शेयर्स और अन्य लाभ पर लगने वाला कैपिटल गेन टैक्स इत्यादि की जरूरत पड़ेगी। इसलिए इन सभी डॉक्यूमेंट या दस्तावेजों को पहले से ही तैयार कर लें। ताकि आईटीआर फाइल करते वक्त किसी भी तरह की परेशानी ना हो। सही फॉर्म का चुनाव करना भी काफी जरूरी है। अभी आईटीआर फाइल करने के लिए आईटीआर-1, आईटीआर-2, आईटीआर-3 और आईटीआर-4 उपलब्ध हैं। इन सभी फॉर्म के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें। इसके बाद इनमें से जो आपके लिए उपयुक्त हो, उसका चुनाव करें।

## साल में एक बार क्यों करना चाहिए क्रेडिट स्कोर चेक? जानिए इससे जुड़े सभी फायदे




नई दिल्ली (एजेंसी)। सिबिल स्कोर या क्रेडिट स्कोर लोन और क्रेडिट कार्ड से संबंधित है। इसे आप यूपीआई ऐप और ऑनलाइन दोनों तरीके से चेक कर सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि सिबिल स्कोर बार-बार चेक करने से गिर जाता है। जो कि पूरी तरह से गलत है।

सिबिल स्कोर को एक साल में एक से दो बार तक चेक करना काफी जरूरी है। इसके अपने फायदे होते हैं। ये फायदे वित्तीय स्थिति से जुड़े हुए हैं। चलिए इसके बारे में एक-एक करके जानते हैं।

आप यूपीआई ऐप जैसे पेटीएम और गूगल पे के जरिए सिबिल स्कोर चेक कर सकते हैं। पहली बार सिबिल स्कोर चेक करने पर आपको कुछ निजी जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके बाद आसानी से चेक कर सकते हैं। सिबिल स्कोर चेक करने से आपको वर्तमान स्थिति का पता लगता है।

अगर आपका सिबिल स्कोर कम है, तो उसे बढ़ाने के लिए अलग-अलग कदम उठा सकते हैं। इस तरह से आप तुरंत एक्शन ले पाएंगे और भविष्य में आपको कोई परेशानी नहीं होगी।

इसके साथ ही आप सिबिल रिपोर्ट में गलतियों का भी पता लगा सकते हैं। अगर कोई गलती पता चलती है, तो उसे फिर तुरंत ठीक करवा सकते हैं।

वहीं अगर कोई व्यक्ति आपके नाम पर क्रेडिट कार्ड बना देता है या लोन खोल देता है। तो इसका भी पता लगा सकते हैं। जिसके बाद उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

इसके अलावा अगर आप हाल फिलहाल में लोन लेने का प्लान बना रहे हैं, तो क्रेडिट स्कोर जरूर पता करें। एक अच्छा क्रेडिट स्कोर आपके ब्याज को कम से कम करने में मदद करता है। वहीं आपको एक अच्छा क्रेडिट स्कोर आसानी से लोन उपलब्ध करा सकता है।

## कौन से बैंक दे रहें हैं FD पर 7% से ज्यादा ब्याज




नई दिल्ली (एजेंसी)। बैलेंस पोर्टफोलियो उसे ही माना जाता है, जिसमें सुरक्षित और असुरक्षित दोनों ही तरह के प्लेटफॉर्म शामिल हो। सुरक्षित प्लेटफॉर्म के रूप में एफडी हमेशा से ही बेहतरीन विकल्पों में से एक रहा है। एफडी में निवेश का ज्यादा फायदा तब होता है, जब ज्यादा से ज्यादा ब्याज मिल रहा हो।

इसलिए आज हम आपके लिए ऐसे बैंकों की लिस्ट लेकर आए हैं। जहां 7 फीसदी से भी ज्यादा ब्याज मिल रहा है। हालांकि इसमें निवेश की अवधि अलग-अलग है।

नीचे बताई गई बैंक की लिस्ट में सभी प्राइवेट बैंकों को शामिल किया गया है। इसके साथ बैंक की निवेश अवधि भी अलग-अलग होने वाली है।

आईडीएफसी बैंक में 400 से 500 दिन एफडी में निवेश करने पर 7.50 फीसदी ब्याज ऑफर किया जा रहा है। ये रिटर्न बाकी सभी अवधि वाले एफडी में से सबसे ज्यादा है। बताए गए आंकड़े बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट से लिए गए हैं।

ये प्राइवेट बैंक ग्राहकों के बीच काफी फेमस है। आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर अच्छे खासे ऑफर करता है। ये बैंक अपने दो साल की अवधि पर 7.05 फीसदी ब्याज ऑफर कर रहा है।

कोटक महिंद्रा बैंक - ऊपर बताए गए दोनों बैंक दो साल या उससे ज्यादा निवेश करने पर 7 फीसदी से ज्यादा ब्याज ऑफर कर रहे हैं। हालांकि कोटक महिंद्रा बैंक में एक साल की एफडी में ही 7 फीसदी से ज्यादा ब्याज मिल जाता है।

# बैंक होम लोन क्यों करते है रिजेक्ट, क्या हो सकते हैं इसका कारण?



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोन हमारी जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है। ऐसे ही आप होम लोन के जरिए आसानी से मनपसंद घर खरीद सकते हैं। हालांकि आपको इसमें लोन अमाउंट के साथ इंटरेस्ट रेट भी देना पड़ता है।

अगर आप होम लोन के लिए अप्लाई करने वाले हैं तो नीचे बताए गए बातों का खास ध्यान रखें। क्योंकि यहां हमने उन बिंदुओं पर बात की है, जिसकी वजह से आपका होम लोन रिजेक्ट हो सकता है।

बहुत से बैंक ऐसे लोगों को लोन देने से कतराते हैं, जिनके पास स्थिर नौकरी नहीं होती। क्योंकि अगर इनकम सोर्स स्थिर नहीं होगा, तो लोन का ईएमआई भरने में परेशानी आ सकती है। वहीं होम लोन आमतौर पर लंबी अवधि के लिए ही होता है।

इसलिए ऐसे लोग, जिनकी सैलरी स्थिर ना हो, उन्हें लोन मिलने में परेशानी हो सकती है।

क्रेडिट स्कोर ठीक ना होना- हमारा लोन और क्रेडिट कार्ड, ये दोनों ही क्रेडिट स्कोर या सिबिल स्कोर पर निर्भर करता है। 720 से कम सिबिल स्कोर को अच्छा नहीं माना जाता। एक खराब सिबिल स्कोर लोन मिलने में परेशानी दे सकता है। क्योंकि सिबिल या क्रेडिट स्कोर के जरिए ही बैंक उधारकर्ता की क्षमता का आकलन करता है।

दस्तावेज का पूरा ना होना- होम लोन का आवेदन करते वक्त आपके पास कुछ जरूरी दस्तावेज या डॉक्यूमेंट का होना जरूरी है। इनमें पैन कार्ड, सैलरी स्लिप, प्रॉपर्टी की डिटेल्स, आधार कार्ड, बैंक खाते की जानकारी इत्यादि शामिल है। अलग-अलग बैंक अलग-अलग तरह के दस्तावेज मांग सकते हैं।

इसलिए इन दस्तावेजों को जमा कर ही लोन के लिए अप्लाई करना चाहिए।

4. बिल्डर का नियम पालन ना करना

वैसे तो बैंक हर प्रॉपर्टी पर आसानी से लोन ऑफर कर देती है। लेकिन कुछ ऐसी प्रॉपर्टी भी होती है, जिसमें बिल्डर नियमों का सही ढंग से पालन नहीं करता। ऐसी स्थिति में बैंक आपका लोन रिजेक्ट कर सकती है।

लोन रिजेक्ट होने पर क्या करें- अगर आपके बैंक ने होम लोन रिजेक्ट कर दिया है। तो उन गैप को समझना होगा, जिन कारणों से आपका लोन रिजेक्ट हुआ है।

## जल्द बदल जाएगी आपके बैंक की वेबसाइट, RBI ने दिया बैंकों को ये आदेश




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की केंद्रीय बैंक, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सभी वाणिज्यिक और घरेलू बैंक को नियंत्रित करने का काम करता है। इसके साथ ही वे बैंकों को सही तरीके से संचालित करने के लिए अलग-अलग निर्देश या घोषणाएं भी करता रहता है।

आरबीआई ने हाल फिलहाल में ऐसी ही एक घोषणा की है। जिसके तहत बैंकों को वेबसाइट बदलने का आदेश दिया गया है। ये नया डोमेन अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा।

आपके बैंक की वेबसाइट पर क्या बदलेगा- आरबीआई के निर्देश के अनुसार सभी बैंकों को अपनी वेबसाइट का डोमेन बदलकर क्क्ठ्ठद्म.द्बठ्ठ करना होगा। इसके लिए आरबीआई ने बैंकों को अक्टूबर 2025 तक का समय दिया है। ये निर्णय इसलिए लिया गया ताकि बैंकों से संबंधित बढ़ते धोखाधड़ी को कम किया जा सके।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# राजगढ़ की मंडी के अनाज गोदाम में लगी भीषण आग, 100 क्विंटल सोयाबीन व 8 बाइक खाक

राजगढ़। नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित टीन शेड से बने अनाज गोदाम में बुधवार को अचानक आग लग गई। गोदाम से धुआं निकलता देख लोग मौके पर पहुंचे। वह आग बुझाने में लग गए।

आग तेजी से फैली, जिससे हम्मालों की आठ बाइक, करीब सौ क्विंटल सोयाबीन, साढ़े तीन हजार बारदान समेत अन्य सामान खाक हो गया। इससे लाखों रुपये की नुकसानी का आकलन लगाया गया है। आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चला है।

**टीन शेड से धुआं उठता देख घबरा गए थे लोग**

जानकारी मुताबिक सुबह करीब 11 बजे राजेंद्र करनावद के मंडी प्रांगण स्थित टिन शेड के गोदाम में अचानक आग लग गई। इस दौरान मंडी में गेहूं की नीलामी प्रारंभ हो गई थी, लेकिन टीन शेड से धुआं उठते देख व्यापारी और किसान टीन शेड की ओर भागे। उसके बाद ताबड़तोड़ आग बुझाने में लग गए। सूचना के बाद नगर परिषद से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई थी।गोदाम होने के कारण आग के साथ धुआं काफी ज्यादा हो रहा था। इस वजह से मशीन के माध्यम से टिन शेड तोड़ा गया। जले बारदानों को बाहर किया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



**आग बुझाने के लिए मौके पहुंचे अधिकारी**

आग बुझाने में तीन फायर ब्रिगेड, तीन निजी टैंकर एवं नगर परिषद के पानी के टैंकरों का उपयोग किया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही नप उपाध्यक्ष दीपक जैन टीम के साथ मौके पर पहुंचे व आग बुझाने में जुट गए थे।इस दौरान एसडीएम आशा परमार, थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश जायसवाल भी मौके पर पहुंच गए थे। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, क्योंकि मंडी प्रांगण में प्रतिदिन खरीदी के चलते हजारों क्विंटल गेहूं टिन शेड समेत अन्य स्थानों पर खुले में पड़ा है।

## किंग कोबरा के बदले कर्नाटक को बाघ बाघिन का जोड़ा देगा मध्य प्रदेश, इंदौर जू में भेजने की तैयारी



भोपाल। प्रदेश में किंग कोबरा की आबादी बढ़ाने की दिशा में कर्नाटक से लाए गए दो मेल किंग कोबरा को वन विहार भोपाल में रखा गया है। इसके बदले में प्रदेश सरकार वन विहार से बाघ और बाघिन का जोड़ा कर्नाटक को देगी। इसके लिए पहले ही अनुबंध कर लिया गया था। वर्षाकाल के बाद बाघ का जोड़ा कर्नाटक भेजा जाएगा। वहीं वन विहार में दो मेल किंग कोबरा में से एक किंग कोबरा इंदौर चिड़ियाघर भेजा जाएगा। इंदौर चिड़ियाघर में एक मादा किंग कोबरा है।

प्रदेश सरकार कर्नाटक के साथ ही छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा को भी बाघ देगी। राज्य सरकार इन तीनों राज्यों को 15 बाघ देगी।

इनमें छत्तीसगढ़ को आठ बाघ (दो बाघ, छह बाघिन), राजस्थान को चार बाघिन एवं ओडिशा को तीन (एक बाघ, दो बाघिन) दिए जाएंगे। इसको लेकर सहमति बन गई है। बांधवगढ़, पेंच एवं कान्हा टाइगर रिजर्व से ये बाघ भेजे जाएंगे।

इसके लिए यह शर्त भी रखी गई है कि बाघ एवं बाघिन को भेजने की प्रक्रिया पशु चिकित्सकों की टीम की देखरेख में की जाए।

बाघों के जीवन को किसी प्रकार का खतरा न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बाघों को भेजने का पूरा खर्च संबंधित राज्य को ही उठाना होगा और इसकी विधिवत अनुमति भारत सरकार से लेनी होगी।

वन विहार से मेल किंग कोबरा इंदौर चिड़ियाघर भेजने या वहां से मादा किंग कोबरा वन विहार लाने को लेकर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। हमारा प्रयास अन्य राज्य से एक मादा किंग कोबरा लाने का भी है।

**- एल कृष्णमूर्ति, एपीसीसीएफ वन्यप्राणी मुख्यालय, भोपाल।**

## मध्य प्रदेश में अप्रैल से ही मिलेगा मंत्रालय के कर्मचारियों को भत्ता

भोपाल । मध्य प्रदेश राज्य मंत्रालय के कर्मचारियों को अप्रैल के वेतन में ही बढ़ा हुआ भत्ता दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को सचिवालय (मंत्रालय) भत्ते में वृद्धि के आदेश जारी कर दिए। इससे मंत्रालय के लगभग 1500 कर्मचारी लाभान्वित होंगे। बता दें कि मंत्रालय भत्ता एक जुलाई 2013 के बाद से नहीं बढ़ाया गया था।

वाहन एवं विकलांग भत्ता का आदेश जारी करना भूला वित्त विभाग वित्त विभाग ने कैबिनेट निर्णय के बाद बढे हुए भत्ते देने के आदेश तो जारी कर दिए लेकिन वाहन भत्ता एवं विकलांग भत्ते के आदेश जारी करना भूला गया। राज्य सरकार एक अप्रैल 2025 को कैबिनेट बैठक में प्रदेश के कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ता स्थाई यात्रा भत्ता अनुग्रह भत्ता दोहरा कार्य भत्ता अव्यवसायिक वाहन भत्ता विकलांग भत्ता वृद्धि करने की मंजूरी दी थी।

## परीक्षार्थी की जगह साल्वर देता था सीबीएसई भर्ती परीक्षा, गिरोह का राजफाश

भोपाल । सीबीएसई की भर्ती परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने वाले गिरोह का मिसरोद पुलिस ने मंगलवार दोपहर राजफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक टैबलेट, दो मोबाइल, आइडी कार्ड और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद बरामद किए हैं।



आरोपित सोनू  आरोपित जसवंत  आरोपित बबलेश

बता दें कि 20 अप्रैल 2025 को सेंट्रल स्कूल सीआरपीएफ कैंप, बंगरसिया के प्राचार्य एवं परीक्षा केंद्र प्रभारी ने थाना मिसरोद को सूचना दी थी कि रोल नंबर 108115179 के परीक्षार्थी बबलेश मीणा की जगह कोई अज्ञात व्यक्ति परीक्षा दे रहा है।

**फर्जी परीक्षार्थी को हिरासत में लिया**-सूचना मिलते ही मिसरोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फर्जी परीक्षार्थी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपित ने खुद को बबलेश मीणा बताया, लेकिन उसकी बोली-भाषा से शक होने पर जब सत्यापन किया गया तो आरोपित ने असली पहचान उजागर की।

**10 लाख रुपये में डील की थी**-आरोपित का नाम सोनू कुमार मिश्रा निवासी कदमकुआं पटना, बिहार निकला। सोनू ने बताया कि उसे इन्द्रानगर जगतपुरा जयपुर निवासी 30 वर्षीय जसवंत मीणा नामक युवक ने 4 लाख रुपये में सौदा कर परीक्षा देने भेजा था, जबकि जसवंत ने परीक्षार्थी बबलेश मीणा से 10 लाख रुपये में डील की थी।

**हवाई यात्रा कर आया**-सोनू ने बताया कि उसे एडवांस में 50 हजार रुपये मिले थे और वह 19 अप्रैल को दिल्ली से फ्लाइट से भोपाल पहुंचा था। 20 अप्रैल को वह फर्जी पहचान पत्र के जरिए परीक्षा देने पहुंचा, जहां बायोमैट्रिक मिसमैच के कारण पकड़ में आ गया। सोनू की निशानदेही पर पुलिस ने मुख्य सरगना जसवंत मीणा और परीक्षार्थी ग्राम खिलचीपुर थाना सलेमपुर जिला दौसा राजस्थान निवासी 27 वर्षीय बबलेश मीणा को भी गिरफ्तार कर लिया।

## रायसेन जिले में गेल फैक्ट्री में सीएनजी गैस लीकेज से हड़कंप, चार घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति काबू में

रायसेन। जिले के मंडीदीप स्थित गेल फैक्ट्री में बुधवार सुबह सीएनजी गैस का गंभीर रिसाव हो गया। यह रिसाव लेवल-3 श्रेणी का था, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद गैस रिसाव को बंद किया गया।



गैस रिसाव की जानकारी सुबह करीब 5 बजे के आसपास मिली। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल हाईवे सहित क्षेत्र के आंतरिक मार्गों पर यातायात को रोक दिया, जिससे किसी भी संभावित हादसे को टाला जा सके। गौर करने वाली बात यह रही कि जिस जगह गैस प्लांट स्थित है, उसके ठीक बगल में एक सरकारी अस्पताल भी है। यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर कैसे इतनी संवेदनशील इकाई को अस्पताल के पास स्थापित करने की अनुमति दी गई।

यदि समय रहते गैस रिसाव पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह एक बड़ी अनहोनी में तब्दील हो सकता था। राहत की बात यह रही कि प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम की तत्परता से स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया। गैस रिसाव बंद होने के बाद यातायात को सामान्य रूप से बहाल कर दिया गया है।

## मध्य प्रदेश में 3,400 से अधिक बालिकाएं अब भी लापता, खोजने में असफल रही पुलिस

भोपाल । मध्य प्रदेश में अभी भी 3,400 से अधिक बालिकाएं लापता हैं। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल होने पर उसकी लोकेशन से पता करने की सुविधा होने का बाद भी उनका पता नहीं लगाया जा सका है।




गृह विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 28 फरवरी तक प्रदेश में 5,100 बालिकाएं गुम थीं। रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग ढाई हजार बालिकाएं गुम हो रही हैं। पुराने आंकड़ों को भी मिला लें तो संख्या लगभग 4,500 से पांच हजार के बीच पहुंच जाती है।इनमें पुलिस प्रति वर्ष पुराने और उस वर्ष के मिलाकर लगभग 50 प्रतिशत बालिकाओं को ही खोज पाती है। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत वर्ष 2021 से फरवरी 2025 तक गुम बालिकाओं में 14 हजार 269 को खोजा गया है। इसके बाद भी 3,434 लापता हैं। यह अब तक का दूसरा बड़ा आंकड़ा है।

ऑपरेशन मुस्कान चलाकर गुम बालिकाओं को खोजते हैं

इसके पहले एक मार्च 2024 की स्थिति में गुम बालिकाओं की संख्या 3,620 थी। बता दें कि पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में दो बार जनवरी-फरवरी और अगस्त-सितंबर में ऑपरेशन मुस्कान चलाकर गुम बालिकाओं को खोजा जाता है।पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि अधिकतर बालिकाएं परिवार से नाराज होकर जाती हैं।




# प्रेस्टीज अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का हुआ भव्य समापन: ‘द राइटर्स ब्लॉक को बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्शन का खिताब

इंदौर। प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रेस्टीज अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का समापन उत्कृष्ट फिल्म निर्माण प्रतिभाओं के सम्मान के साथ हुआ। 48 घंटे शॉर्ट फिल्म निर्माण प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें ‘द राइटर्स ब्लॉक’ को बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्शन का खिताब प्राप्त हुआ। क्काव्या’ को सेकंड बेस्ट फिल्म और बेस्ट एडिटिंग, ‘प्रतिबिंब’ को बेस्ट स्टोरी, और ‘कृतिका’ को बेस्ट सिनेमेटोग्राफी का पुरस्कार प्रदान किया गया।




इस अवसर पर बिग बॉस फेम वॉइस आर्टिस्ट विजय विक्रम सिंह को ‘द स्टेलर वॉइस एक्टिंग अवॉर्ड’, चिंतन बाकलीवाल को ‘किशोर दा - द म्यूजिकल लिगेसी अवॉर्ड’, तथा मिमिक्री आर्टिस्ट अंकित सिसोदिया को ‘वर्सेटाइल एंटरटेनर अवॉर्ड’ से सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. डेविश जैन ने कहा, 48 घंटे की शार्ट फिल्म निर्माण प्रतियोगिता न केवल छात्रों की रचनात्मकता, समय प्रबंधन और धैर्य को निखारती है, बल्कि यह मंच भारतभर की कहानियों, संस्कृतियों और कलाकारों को एक साझा छत के नीचे लाकर सिनेमा के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करता है।

डॉ. जैन ने खुले आसमान के नीचे आयोजित फिल्म स्क्रीनिंग का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि अनुलता राज नायर, चित्रांश राज, अशोक पाठक, चंदन रॉय, और विजय विक्रम सिंह जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी सार्थक बना दिया।

पीआईएमआर यूजी के डायरेक्टर डॉ. एस. रमन अय्यर ने सभी प्रतिभागियों, फैकल्टी और आयोजन टीम का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को संस्थान की रचनात्मक दृष्टि और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रतीक बताया।

फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन की शुरुआत प्रसिद्ध फिल्म और टेलीविजन कलाकारों के साथ संवादात्मक सत्रों से हुई।

टीवी अभिनेता चित्रांश राज ने आरजे आर्ना भागवत के साथ संवाद में अपने अभिनेता बनने की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे अलग-अलग क्षेत्रों को जानने की ललक ने उन्हें अभिनय के साथ-साथ असिस्टेंट डायरेक्टर बनने की राह पर भी अग्रसर किया। उन्होंने कहा, एक्टिंग मेरा पहला प्यार है, और मैं हर दिन इसमें खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं।

लोकप्रिय अभिनेता चंदन रॉय, जो पंचायत वेब सीरीज में विकास की भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं, ने आरजे अर्पित के साथ बातचीत में अपने संघर्षों और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा, विकास का किरदार मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट था। यह रोल पाने से पहले मैंने हर संभव दरवाज़े पर दस्तक दी।

उन्होंने अभिनय को एक ऐसी आंतरिक यात्रा बताया, जो लगातार आत्म-अवलोकन और सुधार की मांग करती है।

एक प्रभावशाली आवाज़ केवल तकनीक से नहीं, अंतरदृष्टि से निखरती है।

बिग बॉस फेम के सुप्रसिद्ध वॉइस आर्टिस्ट विजय विक्रम सिंह ने आरजे साक्षी के साथ संवाद में बताया कि उन्होंने कॉर्पोरेट करियर छोड़कर 2010 में बिग बॉस से वॉयस आर्टिस्ट के रूप में नई शुरुआत की। उन्होंने अपनी पहली फिल्म छावा (2016), वॉयस ओवर तकनीकों जैसे वॉयस मॉडुलेशन, प्रोनन्सिएशन और ब्रीदिंग कंट्रोल पर भी विस्तार से बात की।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी- मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में नदी, खेत तालाब, पोखर सहित सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य चल रहा है। सभी जिलों में जनप्रतिनिधि और प्रभारी मंत्री अपने-अपने स्तर पर 90 दिन तक चलने वाले इस अभियान का हिस्सा बने और अपना योगदान दें। आगामी 30 जून तक जारी रहने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में अमृत सरोवरों का भी निर्माण किया जा रहा है। हमारी सरकार का यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संरक्षण के हो रहे पुनीत कार्यों के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

अगली कैबिनेट मीटिंग में लेंगे ट्रांसफर पॉलिसी पर निर्णय - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अगली कैबिनेट मीटिंग तक स्थानांतरण नीति (ट्रांसफर पॉलिसी) को लेकर भी नीतिगत निर्णय लेगी। हम प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों के कल्याण के लिए उनके वेतन एवं सभी प्रकार के भत्तों के भुगतान के लिए कार्य कर रही है। लोक सेवकों के हितों के साथ ही राज्य सरकार खाली पदों पर जल्द से जल्द भर्ती की दिशा में आगे बढ़ रही है। भर्ती अभियान में सभी योग्य उम्मीदवारों को मौका मिले, इसके लिए प्रत्येक विभाग की समीक्षा की जा रही है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की लंबित परीक्षाएं भी शीघ्र कराने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

## जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर कड़ी कार्रवाई



इंदौर। जिले में जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। श्री सिंह द्वारा आज आयोजित जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा वैश्य को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि सोमवार को सम्पन्न हुई अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने सभी शासकीय अधिकारियों को जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि अधिकारी आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनें और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में कुल 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश आवेदन प्लॉट विवाद, संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद से जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष प्रकरणों को तय समय-सीमा में निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नागरिकों ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी माता की पूजा कर लिया जल बचाने का संकल्प

इंदौर। इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ने लग गये है। शहर हो या गांव सभी जगह जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और जल बचाने हेतु श्रमदान के लिये बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे है। भविष्य के ?लिये जल और जीवन बचाने हेतु लोगों में इस अभियान के प्रति बड़ा उत्साह देखा जा रहा है। अभियान के तहत महू में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनगर पिपलिया लोहार में



खेड़ापति हनुमान आश्रम पर पृथ्वी माता की पूजा कर जल बचाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर आश्रम के मुख्य साधक महामंडलेश्वर महंत श्री राजगुरु जी महाराज ने पांच देवी देवताओं -जन, जल, जंगल, धरती माता, गौ माता के संरक्षण करने के लिए संकल्प दिलाया । महाराज श्री राजगुरु जी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में संत समाज को भी आगे आना चाहिए जिससे समाज और देश को एक नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी श्री कैलाश अग्निहोत्री, ग्राम पंचायत शिवनगर की सरपंच श्रीमती दुर्गा अशोक जरिया, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक आरती बर्वे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह सोलंकी, श्री राधेश्याम विश्वकर्मा, श्री लक्ष्मीकांत आदि उपस्थित थे।

# आनंद विभाग द्वारा नैनोद ग्राम में अल्पविराम परिचय सत्र का किया गया आयोजन

इंदौर। राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं जिला प्रशासन इंदौर के निर्देशन में आनंद ग्राम नैनोद के आनंदकों के लिए आज अल्पविराम परिचय सत्र का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक श्री विजय कुमार मेवाड़ा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री राजेश सिसोदिया, श्री यश पाराशर, श्री दिनेश चौधरी और मीनाक्षी मिश्रा द्वारा सत्र का संचालन किया गया। आनंद विभाग का परिचय से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही संस्थान का परिचय एवं कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।



कार्यक्रम में सही समझ व आंतरिक आनंद को विकसित करने हेतु विभिन टूल्स प्रस्तुत कर बताया गया कि कैसे हम अपने जीवन को हल्का और आनंदीत बना सकते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण जनों ने अपने जीवन में सही समझ व आनंद के साथ अपने कार्य क्षेत्र एवं व्यक्तिगत जीवन को कैसे जीना है,इसकी प्रक्रिया को विभिन्न टूल्स के माध्यम से समझा।

## ग्राम माचल की 8.094 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग की होना पायी गई

इंदौर। इंदौर जिले की ग्राम माचल टप्पा बेटमा तहसील देपालपुर की शासकीय भूमि एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर को आवंटित किये जाने के संबंध में आज संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री प्रदीप मिश्रा, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति, नगर तथा ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक श्री सुभाशीष बनर्जी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देपालपुर श्री राकेश मोहन त्रिपाठी, राजस्व उपायुक्त श्रीमती सपना लोवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि ग्राम माचल टप्पा बेटमा तहसील देपालपुर की शासकीय भूमि जिसका खसरा क्रमांक 472/3 रकबा 4.047 हेक्टेयर एवं 472/4 रकबा 4.047 हेक्टेयर कुल रकबा 8.094 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग की पायी गई है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के निर्देशन में उक्त भूमि का सीमांकन राजस्व दल द्वारा गत 18 अप्रैल को एमपीआईडीसी तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति में कराया गया था। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग देपालपुर द्वारा विचाराधीन भूमि राजस्व अभिलेख अनुसार शासकीय होना बताया गया। सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग जिला धार द्वारा बैठक में स्पष्ट किया गया कि उपरोक्तानुसार भूमि पर यदि वन विभाग अपनी सहमति प्रदान करता है, तो मास्टर प्लान में निर्धारित भू-उपयोग हेतु अनापत्ति प्रदान की जा सकती है। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त भूमि आवंटन का जिला नजुल निवर्तन समिति के माध्यम से प्रस्ताव भिजवाया जाये।

## कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

इंदौर। जनसुनवाई में आज आयी शिकायत पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन के अमले द्वारा भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित एक क्लीनिक को सील किया गया है। जनसुनवाई में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह के समक्ष शिकायत प्राप्त हुई थी कि भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित पटेल नर्सिंग होम का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। इसमें अनाधिकृत चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जो कि मानव जीवन के साथ खिलवाड़ है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इस शिकायत को तुरंत संज्ञान में लेकर उक्त नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार श्री शिव शंकर जारोलिया को तुरंत भेजा।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी दी गई। योजना अंतर्गत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हों, साथ ही इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिये संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेण्डर जारी कर सामुहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। संभागवार जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। योजना में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर की जायेगीं। पात्र/अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई-केवायसी अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा।






वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# महाकाल को अर्जी देने निकले किसानों को पुलिस ने रोका, सड़क पर से किया महाकाल को षाष्टांग दंडवत

उज्जैन। मध्यप्रदेश शासन की लेण्ड पूल नीति और सरकार की हठ धार्मिता का विरोध करने निकले किसानों के आंदोलन को भाजपा के शासन ने कुचलने का प्रयास किया। शहर के चारों ओर बेरीकेटिंग कर दी ताकि किसान अपनी जमीन बचाने के लिए बाबा महाकाल के दरबार में प्रार्थना अर्जी नहीं लगा सके। कई किसानों को घरों से उठवा कर थाने में बंद कर दिया। 23 अप्रैल की सुबह चारधाम मंदिर के बाहर ही किसानों को रोक लिया, एक घंटे किसान कांग्रेसियों के साथ सड़क पर बैठे रहे, सड़क पर से ही शिखर दर्शन कर बाबा महाकाल को षाष्टांग दंडवंत प्रणाम किया।



विधायक महेश परमार ने कहा आक्रांताओं की भाजपा सरकार किसानों की सुनने को तैयार नहीं, किसान बाबा महाकाल के सामने अपनी पीड़ा सुनाने निकले तो उन्हें मंदिर भी नहीं जाने दिया। सिंहस्थ क्षेत्र में किसान पुरखो, बाप दादा की भूमि पर खेती कर जीवन यापन कर रहें हैं। मध्य प्रदेश सरकार किसानो की आधी भूमि सिंहस्थ के नाम से हमेशा के लिए छीन रही हैं। उक्त जमीन को बचाने के लिए सरकार के सभी जबावदारो से किसान निवेदन याचन कर चुके हैं, किंतु कोई सुनने वाला नहीं है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा किसानों की आवाज दबाने के लिए पुलिस किसानों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ करने तक पर उतारू हो गई है। कमेड़ में किसान के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। महिलाओं के साथ बर्बरता की, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग में भगवान के दर्शन, पूजन से राक्षस रोका करते थे।

तब देवताओं ने जन्म लेकर राक्षसों का संहार किया, इस युग में भाजपा का शासन भगवान के दर्शन पूजन करने से रोक रहा है, महाकाल के दर्शन करने से रोकने वाले राक्षसी प्रवृत्ति के लोग हैं, ऐसा लग रहा है अब राक्षसी प्रवृत्ति की भाजपा को नष्ट करने के लिए देवताओं को ही जन्म लेना पड़ेगा।

किसानों ने कहा उज्जैन में सभी 13 अखाडो के पास स्वयं की भूमि पर मंदिर और आश्रम, गौ-शाला खेती की भूमि पूर्व से हैं। साधु संतो को हमारी जमीन की आवश्यकता नहीं हैं। सरकार कथित भू-मॉफियाओ को हमारी जमीने दे रहीं हैं, इससे हम सभी संयुक्त परिवारो की पेतृक्क भूमि सरकार ले लेगी हम सभी रोजी रोटी जीवन का लालन पालन बच्चो की शिक्षा अनेक जीवन संबंधी कार्यों को करने में असमर्थ हो जावेगें। किसानों ने महाकाल से प्रार्थना की कि मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव को सद् वृद्धि दे की वह सिंहस्थ के नाम पर हमारी भूमि नहीं ले। किसान आंदोलन में किसानों के साथ ही पार्षद माया राजेश त्रिवेदी, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, ललित मीणा, चंदू यादव, कृष्ण यादव, बबलू खींची, दीपेश जैन, गजेंद्र मारोठिया, राधेश्याम चौधरी, मनीष चौधरी, चरण अंजना।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जेएनआईबीएम परिवार ने जताया शोक




उज्जैन। पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान , विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संपूर्ण शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाक पोषित आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। इस नृशंस हमले में 28 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई।

संस्थान की ओर से जारी शोक संदेश में मृतकों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

साथ ही, इस कायराना हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों के विरुद्ध शीघ्र और कठोर कार्यवाही की अपेक्षा व्यक्त की गई। संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. कामरान सुल्तान एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने जेएनआईबीएम परिवार एवं एल्युमिनी एसोसिएशन की ओर से शोक व्यक्त करते हुए सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस कठिन समय में देशवासियों से एकजुट होकर आतंक के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया और कहा कि हमारा पूर्ण समर्थन और सहानुभूति पीड़ित परिवारों के साथ है। संस्थान में इस अवसर पर एक सामूहिक मौन प्रार्थना का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और देश में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की कामना की।

# पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला घोर निंदनीय – मंगेश श्रीवास्तव

उज्जैन। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला घोर निंदनीय है। इस कायराना और अमानवीय कृत्य में कई निर्दोष लोगों की जान गई है। भारत तिब्बत समन्वय संघ के नगर जिला मंत्री मंगेश श्रीवास्तव ने सभी दिवंगतों की पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 'इस घृणित कृत्य में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि हमले में सभी घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।' मंगेश श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दू एक है एक ही रहे है।' 'यहां के मुसलमानों को भी अपनी अपनी मस्जिदों से ऐलान करना चाहिए आतंकवाद के खिलाफ।

# डॉक्टर मोहन यादव को भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा का वल्लभ भवन भोपाल में न्यौता दिया

उज्जैन। गंगा सप्तमी वैशाख शुक्ल को भगवान श्री चित्रगुप्त का प्राकट्य दिवस 4 मई 2025 को मनाया जाएगा । भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा एवं कुटुंब रसोई का आयोजन उज्जैन में होगा जिसका आमंत्रण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को आयोजन समिति की ओर से वल्लभ भवन दिया गया साथ ही मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा में जिस रथ में भगवान सवार हो कर जनता को दर्शन देते है उस रथ का शासकीय पूजन शुरू कराया जाए । कार्यक्रम संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा एवं कुटुंब रसोई का निरंतर 8 वें वर्ष रविवार 4 मई 2025 को आयोजन किया जाएगा जिसका आमंत्रण प्रदेश के मुखिया डाक्टर मोहन यादव को भोपाल स्थित वल्लभ भवन पहुंच कर दिया गया तथा अनुरोध किया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा का शासकीय पूजन शुरू कराया जाए। आयोजन समिति की ओर से जब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया गया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी की यात्रा में 50 से अधिक समाज प्रमुख व प्रतिनिधियों ने सहभागिता करने के लिए पहल की है।

तो मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत अच्छा प्रयास ये होना चाहिए क्योंकि भगवान और महापुरुष सभी के होते है । मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आयोजन समिति से अनुरोध किया हे कि कायस्थ समाज जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता करें । मुख्यमंत्री ने भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी मोतीलाल श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक दिनेश श्रीवास्तव,सहसंयोजक अनुपमा श्रीवास्तव,युवा प्रकोष्ठ इकाई के अध्यक्ष चेतन श्रीवास्तव,अमन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे ।

# महंत रामशरणदासजी महाराज की चरण पादुका का हुआ पूजन



उज्जैन। श्री रामजन्मभूमि मंदिर न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास महाराज के कृपापात्र शिष्य महंत रामशरणदास महाराज की चरण पादुका का पूजन 23 अप्रैल को महंत नृत्यगोपालदास महाराज गौशाला परिसर में हुआ। साथ ही सर्वसम्मति से महंतश्री नृत्यगोपालदासजी गौशाला के संचालन का जिम्मा महंत दीदी राममंजुल दासजी की सहमति से समिति अध्यक्ष के रूप में महंत राघवेंद्रदासजी हनुमानवाटिका को सौंपा गया।

गौशाला संचालन समिति के सचिव गोकुलसिंह मताना, सदस्य भगवानसिंह, प्रकाशसेठ पंथपिपलई, रतनसिंह, मुन्नासिंह, जयसिंह दरबार को बनाया गया। इस दौरान मणीरामदासजी छावनी अयोध्या के महंत, श्रीमहंत नृत्यगोपालदासजी महाराज के उत्तराधिकारी श्रीमहंत कमलनयनदासजी, महामंडलेश्वर सीतारामदासजी भारत साधु सभा प्रदेशअध्यक्ष गुजरात, संतसमिति गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर रामशरणदासजी, भावनगर गुजरात से महामडलेश्वर रामप्रियदासजी, महामंडलेश्वर पुरूषोत्तमदासजी शिवपुरी, श्रीमहंत रामभजनदासजी ग्वालियर, श्रीमहंत विजयरामदासजी गुलावड़, श्रीमहंत विष्णुदासजी नासिक, स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वरदासजी, सचिव महंतश्री रामेश्वरगिरीजी, राज्यसभा सांसद उमेशनाथजी, निर्वाणी अखाड़े के महंत दिग्विजयदासजी, दिगंबर अखाड़े के महंत रामचंद्रदासजी, जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष सांवेर दिलीप चौधरी, अरविंद भारद्वाज नागदा मौजूद रहे।

पूजन के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में संत, महंतों ने प्रसादी ग्रहण की। संतों ने आशा व्यक्त की कि श्रीस्वामी नृत्यगोपालदास जी गौशाला आश्रम नवाखेडा में गायों की सेवा में, सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में, वैदिक शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ गौशाला उत्तरोत्तर प्रगति करेगी, विकसित होगी।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए 6 टीमें नजर रखेंगी



उज्जैन। अक्षय तृतीया आगामी 30 अप्रैल को आ रही है। इस दिन अबूझ मुहूर्त में हजारों विवाह संपन्न होंगे। इस दौरान बाल विवाह रोकने के लिए जिले में विकासखंड स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 टीमों का गठन किया जाएगा। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारी बाल विवाहों पर नजर रखेंगे और कार्रवाई करेंगे।

उल्लेखनीय है कि अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त होने के कारण शादियों की भरमार रहती है। कई सामूहिक संगठन और सामाजिक संगठन अपने-अपने क्षेत्र के लोगों के लिए विवाह समारोह आयोजित कराते हैं। इन सभी विवाह समारोहों पर नजर रखने और बाल विवाह रोकने के लिए 6 टीमों का गठन करते हुए उडनदस्ते को तैनात करने की तैयारी शुरु कर दी है। ज्ञात हो कि इस तारीख को ग्रामीण सहित शहरी इलाकों में भी भारी मात्रा में बाल विवाह करवाने की शिकायतें सामने आती हैं, जिसके चलते अब तक दो टीमें नजर रखती थीं, लेकिन इस बार विकासखण्ड स्तर पर दल बनाकर नजर रखी जाएगी।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com